**M.A. (PART – II)**
**-: HINDI :-**
***Modern Poetry***
**(Paper – II) (June-2019)**

**Q. P. Code: 40809**

(समय ३ घंटे) अंक : १००

सूचना : (१) प्रथम तथा अंतिम प्रश्न अनिवार्य है I
(२) शेष प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए I

**१. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्ही चार की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए I** ४०

(क) बुद्धि, मनीषा, मति, आशा, चिंता तेरे हैं कितने नाम
अरी पाप है तू, जा, चल जा, यहाँ नहीं कुछ तेरा काम।
विस्मृति आ, अवसाद घेर ले, नीरवते !बस चुप कर दे,
चेतनता चल जा, जड़ता से, आज शून्य मेरा भर दे।"

(ख) है अमानिशा, उगलता गगन घन अन्धकार,
खो रहा दिशा का ज्ञान, स्तब्ध है पवनचार,
अप्रतिहत गरज रहा पीछे अम्बुधि विशाल,
भूधर ज्यों ध्यानमग्न, केवल जलती मशाल।

(ग) अजीब संयुक्त परिवार है-
औरतें व नौकर और मेहनतकश
अपने ही वक्ष को
खुरदुरा वृक्षधड़-
मानकर घिसती हैं, घिसते हैं
अपनी ही छाती पर ज़बर्दस्ती
विषमुख | -दन्ती भावों का सर्प-

(घ) एक नंगा, तीखा, निर्मम प्रकाश—
जिसमें कोई प्रभामंडल नहीं बनते-
केवल चौंधियाते हैं तथ्य, तथ्य—तथ्य—
सत्य नहीं, अंतहीन सच्चाइयाँ...
कितनी बार मुझे
खिन्न, विकल, संत्रस्त—
कितनी बार!



CC96A91F8BF1A0D30158C5A6853194B4

(च) शान्ति नहीं तब तक, जब तक सुखभाग ना नर का सम हो,
नहीं किसी को अधिक हो, नहीं किसी को कम हो।
ऐसी शान्ति राज्य करती है तन पर नहीं, हृदय पर,
नर के ऊँचे विश्वासों पर, श्रद्धा, भक्ति, प्रणय पर।

(छ) चाहता हूँ एक शाम जब सांकल पीटूँ
तो बहुत फुल्के कोई कुण्डी खोले
और देखूं सामने वृन्त पर वही
जिसकी इतने दिन से गंध लग रही थी I

२. कामायनी एक महाकाव्य है ,इस कथन को स्पष्ट कीजिए I १०

३. सरोज स्मृति कविता का प्रतिपाद्य प्रस्तुत कीजिए I १०

४. "अँधेरे में" कविता में कवि की प्रतिबद्धता अपने शब्दों में लिखिए I १०

५. पठित रचनाओं के आधार पर अज्ञेय की कविता के काव्य सौन्दर्य की चर्चा कीजिए I १०

६. कुरुक्षेत्र में राजनीति और राष्ट्र प्रेम का चित्रण है ,इस कथन की समीक्षा कीजिए I १०

७. अरुण कमल की कविता आधुनिक भाव बोध को अभिव्यंजित करती है,इस कथन पर प्रकाश डालिए I १०

**८. (अ) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –** **१०**

१. कामायनी में कितने सर्ग हैं ?
२. कामायनी में आदि पुरुष किसे माना गया है ?
३. दुःख ही जीवन की कथा रही -किस कवि ने कहा है ?
४. निराला की पहली कविता कौन सी है
५ . चाँद का मुह टेढ़ा है कविता के कवि का नाम लिखिए I
६. मुक्तिबोध की लम्बी कविता कौन सी है ?
७. कुरुक्षेत्र का युद्ध समाप्त होने पर कौन सा युग समाप्त हुआ ?
८. दिनकर के अनुसार युद्ध का उद्देश्य क्या है ?
९. किसका अन्न निगलना कठिन होता है ?
१०. नए इलाके में कविता के कवि का नाम लिखिए I

**(ब) निम्न लखित में से सही विकल्प चुन कर उत्तर लिखिए –** **१०**

(१ ) कामायनी किस प्रकार का काव्य है ?

क-महाकाव्य ख-नीति काव्य ग खंड काव्य घ – लघु काव्य

(२) नारी ! तुम केवल श्रद्धा हो ,,,किसकी पंक्ति है ?

क – निराला ख- अज्ञेय ग- प्रसाद घ – इनमें से कोई नहीं

(३) एक भूतपूर्व विद्रोही के आत्मकथन में पुराना महल किसका प्रतीक है ?

क -उच्च वर्गीय विलासिता का ख- क्रन्तिकारी का ग- परोपकार का घ- खंडहर का

(४) नई राहों के अन्वेषी कौन हैं ?

क-मुक्तिबोध ख अज्ञेय ग निराला घ प्रसाद

(५) कुरु क्षेत्र में सर्ग हैं –

क -छह ख-पांच ग- सात घ- आठ

(६ ) कवि ने कुरुक्षेत्र कब लिखा ?

क -पहले महायुद्ध के बाद ख- दूसरे महायुद्ध के बाद

ग -तीसरे महायुद्ध के बाद घ- किसी भी नही

(७) यात्री कविता के कवि का नाम है....

क -मुक्तिबोध ख -प्रसाद ग- अरुण कमल घ -अज्ञेय

(८ ) कुरुक्षेत्र में किस की कथा को आधार बनाया गया है ?

क- रामायण ख -महाभारत ग- इंद्र की कथा घ -कृष्ण की कथा

(९ ) कवि अरुण कमल के अनुसार क्या ख़तम हो जायेगा ?

क -मूर्खों का राज ख- नेताओं का राज

ग -राजाओं का राज घ- जनता का राज

(१० ) श्रद्धांजलि कविता के कवि हैं –

क- दिनकर ख- मुक्तिबोध ग- अरुण कमल घ- निराला

**********



CC96A91F8BF1A0D30158C5A6853194B4

Hindi - Paper IV- Linguistics & Hindi Language. (REV)

[समय: 3 घंटा] [गुण:१००]

**सूचना:** 1) **अंतिम प्रश्न अनिवार्य हैं |**
2) **शेष छह प्रश्नों में से पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

प्र .१ भाषा की परिभाषा देते हुए भाषा व्यवस्था और भाषा व्यवहार पर प्रकाश डालिये | १६

प्र .२ स्वन विज्ञान की परिभाषा स्पष्ट करते हुए स्वन परिवर्तन के कारण लिखिए | १६

प्र .३ वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत का परिचय देते हुए उनकी विशेषताएँ लिखिए | १६

प्र .४ वाक्य विज्ञान का स्वरूप समझाते हुए वाक्य परिवर्तन की दिशाओं और कारणों को रेखांकित कीजिए | १६

प्र .५ अर्थ परिवर्तन के कारण लिखिए | १६

प्र .६ देवनागरी लिपि का सामान्य परिचय दीजिए | १६

प्र .७ अ) एक पंक्ति में उत्तर लिखिए | १०

1) भाषा विज्ञान की परिभाषा लिखिए |
2) संयुक्त व्यंजन के उदाहरण लिखिए |
3) स्वनिम के भेद लिखिए |
4) प्राचीन भारतीय आर्य भाषओं के नाम लिखिए |
5) पदक्रम का अर्थ स्पष्ट करें |
6) रूपिम के भेद लिखिए |
7) अर्थ विस्तार का अर्थ स्पष्ट कीजिए |
8) व्दिगु समास की परिभाषा लिखिए |
9) कोंकणी किस राज्य की भाषा है ?
10) वाक्य के रचना के आधार पर प्रकार लिखिए |



6BAA92287BB783ABBF9F4A5C6AB74571

आ) सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए | १०

१) भाषा विज्ञान का प्रकार नहीं हैं ?

१) सामान्य भाषाविज्ञान २) वर्णनात्मक भाषाविज्ञान

३) व्यतिरेकी भाषा विज्ञान ४) अंतरणता

२) निम्न में से कौनसा व्यंजन महाप्राण व्यंजन नहीं है |

१) ख २) घ ३) छ ४) ट

३) कौनसा व्यंजन उष्म व्यंजन नहीं है |

१) स २) क ३) ष ४) श

४) निम्न में से कौन सी भाषा केरल की राज्य भाषा है |

१) कन्नड़ २) तमिल ३) तेलुगु ४) मलयालम

५) 'राम सो रहा है |' किस प्रकार का वाक्य है ?

१) सरल वाक्य २) मिश्रवाक्य ३) संयुक्त वाक्य ४) इनमें से कोई नही

६) शब्द विज्ञान के लिए अंग्रेजी शब्द है |

१) syntax २) wordology ३) morphology ४) Discoursology

७) इनमें से उपसर्ग वाला शब्द नहीं |

१) आजन्म २) दु:ख ३) पुजारी ४) नालायक

८) 'मोटापा' शब्द किस संज्ञा का उदाहरण है ?

१) व्यक्तिवाचक २)जातिवाचक ३) समूहवाचक ४) भाववाचक

९) 'देवनागरी' लिपि किस लिपि से विकसित हुई है |

१) ब्राह्मी २) शारदा ३) खरोष्ठी ४) गुरुमुखी

१०) पालि भाषा में किस महापुरुष ने अपने प्रवचन दिए |

१) बुध्द २) महावीर ३) शंकराचार्य ४) तुलसी

*************

**M.A. (PART – II)**

**-: HINDI :-**

***Poetic Literature of Literary Criticism***

**(Paper – VI) (June-2019)**

**Q.P. Code : 38439**

[3 Hours] [ Marks: 100]

Please check whether you have got the right question paper.

**सूचना :** १. अंतिम प्रश्न अनिवार्य है ।
२. शेष प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

१. रीति सिद्धान्त की मूल स्थापनाओं का परिचय देते हुए रीति एवं शैली में अंतर को स्पष्ट कीजिए। १६

२. वक्रोक्ति की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए, वक्रोक्ति एवं अभिव्यंजनावाद के संबंध का विवेचन कीजिए। १६

३. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की काव्य शास्त्रीय मान्यताओं का परिचय दीजिए। १६

४. अरस्तू के अनुकरण सिद्धान्त पर प्रकाश डालिए। १६

५. आई-ए-रिचड्र्स द्वारा प्रतिपादित रागात्मक अर्थ संवेगो के संतुलन को विश्लेषित कीजिए। १६

६. मार्क्सवाद के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए उसकी विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। १६

७. आभिजात्यवाद का परिचय विस्तार से दीजिए। १६

८. (अ) निम्नलिखित विषयों पर पाँच से दस वाक्यों में लिखिए। १०
१. रस के अवयव
२. गुणीभूत व्यंग्य
३. अलंकार और अलंकार्य में अंतर
४. उदात्त के अंतरंग तत्व
५. अस्तित्ववाद

(ब) सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। १०

१. भरतमुनि ने नाटक के संदर्भ में कितने रसों की चर्चा की है?
(क) आठ (ख) दस
(ग) सात (घ) ग्यारह

२. 'काव्य के शोभाकारक धर्मो को अलंकार कहते हैं, किसकी मान्यता है?
(क) वामन (ख) मम्मट
(ग) दण्डी (घ) जयदेव

**Turn Over**

३. ध्वनिवादी आचार्यो ने ध्वनि के भेद किसके आधार पर माने है?
(क) अलंकार (ख) शब्दशक्ति
(ग) वक्रोक्ति (घ) रस

४. 'नई कविता का आत्मसंघर्ष' किसकी रचना है?
(क) नामवर सिंह (ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(ग) मुक्तिबोध (घ) रामविलास शर्मा

५. 'दूसरी परम्परा की खोज' के लेखक कौन है?
(क) नंददुलारे वाजपेयी (ख) रामचंद्र शुक्ल
(ग) हजारी प्रसाद द्विवेदी (घ) नामवर सिंह

६. निम्नलिखित में से किसने आत्मप्रकाशन की प्रवृत्ति को सबसे प्रथम माना है?
(क) एडलर (ख) युंग
(ग) फ्रायड (घ) स्टेकिल

७. 'कल्चर ऐण्ड एनार्की' रचना किसकी है?
(क) रिचर्ड्स (ख) मैथ्यू आर्नाल्ड
(ग) इलिएट (घ) लोंजाइनस

८. निम्नलिखित में से कौनसी विचारधारा भाषाविज्ञान से संबंधित है
(क) संरचनावादी (ख) उत्तर आधुनिकतावादी
(ग) अभिजात्यवादी (घ) स्वच्छंदतावादी

९. निम्नलिखित में से कौन स्वच्छन्दतावादी कवि नहीं है?
(क) वड्र्सवर्थ (ख) कालरिज
(ग) शैली (घ) ड्राइडन

१०. इलियट के कौनसे सिद्धान्त का संबंध 'स्व' के विगलन से है?
(क) परम्परा और इतिहास बोध (ख) वस्तुनिष्ठ समीकरण
(ग) निर्वेयक्तिकता (घ) परम्परा और वैयक्तित प्रज्ञा

-----------------------------

**Q.P. Code :13261**

पूर्णांक - 100
समय - 3 घंटे

सूचना :- १) प्रश्न क्रमांक 8 अनिवार्य है |
२) शेष प्रश्नो में से किन्ही **5** प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

---

प्रश्न - १. जनसंचार की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए उसके महत्व को स्पष्ट कीजिए | (१६)

प्रश्न - २. जनसंचार माध्यमों में हिंदी का प्रयोग किस प्रकार होता है ?
उसपर प्रकाश डालिए | (१६)

प्रश्न - ३. 'जनसंचार माध्यम और विज्ञापन का घनिष्ठ संबंध है |' चर्चा कीजिए | (१६)

प्रश्न - ४. सामाजिक प्रगति में जनसंचार के योगदान को स्पष्ट कीजिए | (१६)

प्रश्न - ५. संचार - प्रक्रिया के तत्वों को परिभाषित कीजिए | (१६)

प्रश्न - ६. समाचार - लेखन की प्रक्रिया को रेखांकित कीजिए | (१६)

प्रश्न - ७. धारावाहिक एवं पटकथा लेखन के तत्वों पर प्रकाश डालिए | (१६)

प्रश्न - ८. (अ). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए | (१०)

१. नव इलेक्ट्रॉनिक जनसंचार माध्यम |
२. इंटरनेट का महत्व |
३. उद्घोषणा लेखन की प्रक्रिया |
४. रेडियो - नाटक लेखन के तत्व |
५. आकाशवाणी |

प्रश्न - ८. (आ). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निचे दिए हुए पर्याय में से लिखिए | (१०)

१. भारतीय फिल्म से संबंधित सर्वोच्च पुरस्कार है ?
(क) दादासाहेब फालके (ख) पद्मभूषण
(ग) पद्मविभूषण (घ) पद्मश्री

२. 'उदंतमार्तंड' समाचार पत्र के संपादक थे ?
(क) डॉ. रामकुमार वर्मा (ख)) पं. जुगलकिशोर शर्मा
(ग) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी (घ) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी

३. भारत में प्रथम दूरदर्शन केंद्र का उद्घाटन किसने किया था ?
(क) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (ख) पं. जवाहरलाल नेहरु
(ग) इंदीरा गांधी (घ) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

**पीछे देखिये...**



E770712B0FC9A97BA8F06DE54C1814BA

४. 'हंस' पत्रिका के प्रथम संपादक थे -

(क) डॉ. राजेंद्र यादव (ख) अज्ञेय

(ग) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी (घ) प्रेमचंद

५. रेडियो को 'आकाशवाणी' यह नाम किस साहित्यकार ने दिया ?

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) सुमित्रानंदन पंत

(ग) महादेवी (घ) निराला

६. 'शोले' फिल्म के संवाद - लेखक का नाम है -

(क) सलीम एवं जावेद अख्तर (ख) रज़ा मुराद

(ग) राही मासूम रज़ा (घ) गुलज़ार

७. 'भाग मिल्खा भाग' यह फिल्म किस क्रीड़ा क्षेत्र से संबंधित है ?

(क) दौड़ (ख) तीरंदाज

(ग) तैराकी (घ) बैडमिंटन

८. 'डॉक्युमेंट्री' शब्द का सही हिंदी अनुवाद है -

(क) रेखाचित्र (ख) वृत्तचित्र

(ग) रेखांकन (घ) चित्रांकन

९. 'भारतीय फिल्म सेंसर बोर्ड' का गठन कब हुआ ?

(क) १९५४ (ख) १९५६

(ग) १९५२ (घ) १९५०

१०. नितांत अंधा माध्यम किसे माना जाता है ?

(क) दूरदर्शन (ख) इंटरनेट

(ग) कम्प्यूटर (घ) आकाशवाणी

***** समाप्त *****



E770712B0FC9A97BA8F06DE54C1814BA